# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(विकास शाखा)

**दिनांक 10.03.2017 को उपायुक्त, रामगढ़ की अध्यक्षता में सम्पन्न DMFT के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति पंजी के अनुसार

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए DMFT के उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का उल्लेख कर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, विकास शाखा रामगढ़ को निदेश दिया गया।

तद्नुसार एजेण्डावार निम्नवत् समीक्षा / विचार–विमर्श की गयी :–

1. **योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति**

जिला योजना पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकार के संयुक्त सचिव, उद्योग, खान एवं भुतत्व विभाग, झारखण्ड राँची की अधिसूचना संख्या 357 / एम0 दिनांक 03.02.2017 के आलोक में एक करोड़ तक की योजनाओं की स्वीकृति उपायुक्त के स्तर से तथा एक करोड़ से पाँच करोड़ तक की योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति DMFT की प्रबंधकीय समिति द्वारा दी जानी है।

उक्त प्रावधान के आलोक में पूर्व की प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 1181 / वि0 दिनांक 08.12.2016 की कण्डिका V(A) में प्रदान की गयी प्रशासनिक स्वीकृति की सात योजनाओं में से पाँच योजनाएँ जिनकी प्राक्कलित / तकनिकी स्वीकृत राशि 5 करोड़ से अधिक है, की प्रशासनिक स्वीकृति आदेश को रद्द करते हुए इसकी स्वीकृति विभागीय स्तर से कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ को निदेश दिया गया। पाँच करोड़ तक की दो योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी ।

i. प्रशासनिक स्वीकृति रद्द की गयी योजनाओं की विवरणी :– (राशि करोड़ में)

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | जलापूर्ति योजना का नाम | योजना संख्या | तकनीकि / प्रशासनिक स्वीकृति की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माण्डू | दिगवार | दिगवार ग्रामीण जलापूर्ति योजना | 01 | 9.2700 |
| 2 | माण्डू | लइयो | लइयों ग्रामीण जलापूर्ति योजना | 01 | 4.7500 |
| 3 | माण्डू | कुज्जु | कुज्जु ग्रामीण जलापूर्ति योजना | 01 | 22.0500 |
| 4 | गोला | गोला | गोला ग्रामीण जलापूर्ति योजना जीर्णोद्धार | 01 | 18.4516 |
| 5 | चितरपुर | चितरपुर | चितरपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना का जीणोद्धार | 01 | 12.6550 |

i. प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी योजनाओं की विवरणी :– (राशि करोड़ में)

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | जलापूर्ति योजना का नाम | योजना संख्या | तकनिकी / प्रशासनिक स्वीकृति राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पतरातु | कटिया | कटिया ग्रामीण जलापूर्ति योजना | 01 | 3.45637 |
| 2 | पतरातु | तालाटांड | तालाटांड ग्रामीण जलापूर्ति योजना | 01 | 4.52981 |

इसके अतिरिक्त कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के पत्रांक 110 दिनांक 24.01.2017 से प्राप्त पाँच करोड़ तक की तकनिकी स्वीकृत पुल–पुलिया निर्माण की निम्नलिखित चार योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी :– (राशि करोड़ में)

| क्र. | प्रखण्ड | योजना का नाम | तकनिकी स्वीकृत राशि | प्रशासनिक स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | माण्डू | ग्राम पडरिया एवं कंजगी के बीच खौराही नदी पर पुल निर्माण। | 1.72276 | 1.72276 |
| 2 | माण्डू | ग्राम लइयों, ढठवा टांड और दनिया के बीच चुटूवा नदी पर पुल निर्माण। | 1.27303 | 1.27303 |
| 3 | पतरातु | ग्राम ऐतियातु और सुथरपुर के बीच हुकाकाट नदी पर पुल निर्माण। | 1.81166 | 1.81166 |
| 4 | गोला | ग्राम पडरिया और बुढनगोड़ा के बीच अम्बागढा नदी पर पुल निर्माण। | 1.98724 | 1.98724 |

2. <u>कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा :–</u>

DMFT के तहत् कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षोपरान्त निम्नवत् निदेश दिया गया :–

i. <u>शौचालय निर्माण</u>

व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की 46675 योजनाओं के लिए उपलब्ध करायी गयी 51.01 करोड़ रूपये की व्यय विवरणी, उपयोगिता प्रमाण पत्र, योजनावार प्रगति प्रतिवेदन एवं फोटोग्राफ उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया। साथ ही, शौचालय निर्माण की शत–प्रतिशत योजनाओं का भौतिक सत्यापन करने हेतु निदेशित किया गया।

(अनु0 – **कार्य0अभि0, पेयजल एवं स्वच्छता प्र0, रामगढ़)**

ii. <u>सोलर आधारित जलापूर्ति योजना</u>

सोलर आधारित पेयजलापूर्ति योजनाएँ जिनकी प्रशासनिक स्वीकृति लगभग तीन माह पूर्व दी चुकी है और अब तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, पर क्षोभ व्यक्त किया गया और कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ को अविलम्ब कार्य प्रारम्भ करने का निदेश दिया गया। साथ ही, सोलर आधारित योजनाओं पर एम0एन0आर0ई0 से अनुदान की राशि प्राप्त करने हेतु विधिवत् कार्रवाई करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ को दिया गया।

(अनु0 – **कार्य0अभि0, पेयजल एवं स्वच्छता प्र0, रामगढ़)**

iii. <u>**Mobile Medical Unit For MTC**</u>

सिविल सर्जन, रामगढ़ द्वारा संचालित MTC हेतु उपलब्ध करायी गयी राशि कुल 25.00 लाख की व्यय विवरणी, उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

(अनु0 – **सिविल सर्जन, रामगढ़)**

iv. <u>पुल/पुलिया निर्माण</u>

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग–सह–रामगढ़ द्वारा कार्यान्वित 43 पुल/पुलिया निर्माण की योजनाओं का प्रगति प्रतिवेदन अप्राप्त होने के फलस्वरूप नाराजगी व्यक्त की गयी। बैठक में कार्यपालक अभियंता के अनुपस्थित रहने के कारण समीक्षा नहीं की जा सकी, तथा उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निदेश दिया गया। इनसे संबंधित पुल/पुलिया निर्माण की निविदा प्रक्रिया की वस्तुस्थिति एवं अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन से अविलम्ब अवगत कराने हेतु निदेश दिया गया।

(अनु0 – **कार्य0अभि0, ग्रा0वि0वि0प्र0, हजारीबग)**

3. <u>ईचातु चेकडैम एवं गढ़बाँध जीर्णोद्धार योजना :–</u>

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा कार्यान्वित ईचातु चेकडैम एवं गढ़बाँध का जीर्णोद्धार हेतु DPR अब तक उपलब्ध नहीं कराये जाने के फलस्वरूप क्षोभ व्यक्त करते हुए निदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अन्दर उक्त दोनों योजनाओं का सक्षम स्तर से तकनिकी स्वीकृति के उपरान्त DPR उपलब्ध करावें अन्यथा यह समक्षा जाएगा कि उन्हें इस कार्य में कोई अभिरूचि नहीं है।

(अनु0 – **कार्य0अभि0, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़)**

4. <u>पंचायतों में PGC का निर्माण :–</u>

जिला योजना पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा बताया गया कि PGC निर्माण हेतु मात्र माण्डू प्रखण्ड के ओरला पंचायत अन्तर्गत जोबला में तथा माण्डू चट्टी पंचायत अन्तर्गत गोविन्दपुर में दो–दो एकड़ भूमि का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। समिति द्वारा गोला प्रखण्ड के DVC चौक के आस–पास एवं माण्डू प्रखण्ड के कुज्जु में उपयुक्त भूमि का चयन करने हेतु निदेश दिया गया। इसके लिए उप विकास आयुक्त एवं जिला योजना पदाधिकारी, रामगढ़ को स्थल निरीक्षण हेतु निदेश दिया गया।

(अनु0 – **उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, रामगढ़, अंचलाधिकारी, गोला/माण्डू)**

5. विद्यालयों में चाहरदिवारी निर्माण :–

नई पद्धति से चाहरदिवारी निर्माण हेतु इसकी उपयोगिता एवं प्राक्कलन प्राप्त करने हेतु कार्यालय ज्ञापांक 160/वि0 दिनांक 03.02.2017 द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, रामगढ़ को दिये गये निदेश के आलोक में अब तक कोई प्रतिवेदन अप्राप्त होन के फलस्वरूप नाराजगी व्यक्त की गयी। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, रामगढ़ के अनुपस्थित रहने के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निदेश दिया गया।

(अनु0 – **कार्य0अभि0, भवन प्रमण्डल, रामगढ़)**

6. अन्यान्य :–

समिति द्वारा DMFT के तहत् निम्न योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर कार्यान्वित करने हेतु विचार–विमर्श किया गया

a. पंचायत भवनों में चाहरदिवारी निर्माण।
b. Water Harvesting से संबंधित योजनाएँ।
c. 13 Focus Area के तहत् चिन्हित ग्रामों में आवश्यकतानुसार Solar Light की व्यवस्था DMFT के तहत् कर इन योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु संबंधित ग्राम सभा से इन्हें पारित कराने हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निदेशित करने का निर्णय लिया गया।

तदोपरान्त बैठक में दिये गये निदेशों पर शीघ्र कार्रवाई कर अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश के साथ सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।

ज्ञापांक 307 /वि0 रामगढ़, दिनांक 10/03 /2017

प्रतिलिपिः– **सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।**

10/3/17

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।